# कुलसचिव कार्यालय

**लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007**

**नैक द्वारा A++प्रत्यायित**

संदर्भ संख्या :..............................

दिनांक :..............................

**प्रेषक,**

**कुलसचिव,**
**लखनऊ विश्वविद्यालय,**
**लखनऊ।**

सेवा में,

**समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/शोध पर्यवेक्षक,**
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

**विषय :– विश्वविद्यालय में शोधरत अभ्यार्थियों के जे0आर0एफ0 से एस0आर0एफ0 उच्चीकरण/विस्तारण के सम्बन्ध में।**

महोदया/महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि मा0 कुलपति जी की अध्यक्षता में दिनांक 02.06.2020 को आहूत जे0आर0एफ0 से एस0आर0एफ0 उच्चीकरण/विस्तारण बैठक में समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि वर्ष में दो बार (अध्येयतावृत्त उच्चीकरण/विस्तारण) क्रमशः जून 30 एवं दिसम्बर 31 तक के परिपक्व प्रस्ताव विभागों द्वारा अनिवार्य रूप से विकास अनुभाग को प्रेषित किये जायेगें।

उपरोक्त के क्रम में अवगत कराना है कि अधिकांश विभागों द्वारा अद्यतन जे0आर0एफ0 से एस0आर0एफ0 उच्चीकरण/विस्तारण के प्रस्ताव कार्यालय को प्रेषित नहीं किये गये है अतएव शीतकालीन अवकाश के दृष्टिगत पूर्व निर्धारित तिथि दिनांक 24.12.2025 को दिनांक 10.01.2026 तक विस्तारित करते हुए आपसे अनुरोध है कि विकास अनुभाग, कुलसचिव कार्यालय को प्रस्ताव आवश्यक रूप से प्रेषित कर दिये जायें। निर्धारित तिथि तक प्रस्ताव प्राप्त न होने पर यह मान लिया जायेगा कि विभाग में उक्त तिथि तक कोई प्रस्ताव लम्बित या शेष नहीं है। तदोपरान्त प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

भवदीय,

**(डॉ0 भावना मिश्रा)**
कुलसचिव

**पत्र संख्या :** PJ-23125-29 **दिनांक :** 24/12/25

**प्रतिलिपिः**

1. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. संकायाध्यक्ष, कला/विज्ञान/वाणिज्य/विधि/शिक्षा/ललित कला संकाय, ल0वि0वि0।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, ल0वि0वि0।
4. उपकुलसचिव (विकास), ल0वि0वि0।
5. निदेशक, यू0डी0आर0सी0/वेबसाइट, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि इस सूचना को ल0वि0वि0 की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

Bmisra

**कुलसचिव**